
हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
शुक्रवार
13 जून 2025, बरेली
PAGE NO 07,BOTTOM

# संतुलित खानपान से ही रुकेगा फैटी लीवर

**बरेली, वरिष्ठ संवाददाता।** फैटी लीवर तेजी से बढ़ती हुई वैश्विक महामारी है। आरंभ में लक्षण स्पष्ट न होने से लिवर के खराब होने की जानकारी नहीं होती। फैटी लीवर से पीड़ित 70 फीसद रोगी मोटापे से ग्रस्त मिलते हैं। 75 फीसद को टाइप 2 डायबिटीज और 20-80 फीसद में हाइपरलिपिडिमिया से ग्रसित होते हैं। अनियंत्रित होने पर फैटी लिवर लिवर सिरोसिस से लेकर लीवर कैंसर तक की वजह बन सकता है। बस इसके लिए सक्रिय जीवन शैली और संतुलित खानपान की जरूरत है।

यह बात एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में विश्व फैटी लीवर दिवस पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने कही।



डॉक्टरों का स्वागत करते आयोजन समिति के सदस्य।

एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के जनरल मेडिसिन विभाग की गैस्ट्रोएंटरोलॉजी यूनिट की तरफ से विश्व फैटी लीवर दिवस पर स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। दो सत्रों में आयोजित इस कार्यक्रम में सुबह मरीजों के लिए स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श कैंप लगाया गया और शाम को एमबीबीएस के विद्यार्थियों के लिए व्याख्यान हुए। व्याख्यान की थीम खाना ही दवा है पर गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ. वत्स गुप्ता ने फैटी लिवर का परिचय देने के साथ इसके संबंध में मुख्य जानकारियों की जानकारी दी।